**प्रसार भारती**
**भारतीय प्रसारण निगम**
**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**
**22.01.2025/प्रादेशिक समाचार/18:00 बजे**

**बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ**

बालिकाओं की सुरक्षा, शिक्षा और सशक्तिकरण के अथक प्रयासों के एक दशक पूरा होने पर देश आज बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना की 10वीं वर्षगांठ मना रहा है। इस योजना की 10वीं वर्षगांठ पर समारोह आज से 8 मार्च तक जारी रहेगा और अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर इसका समापन होगा। राज्य और जिला स्तर पर भी इस तरह के कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। इस बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बेटी बचाओ बेटी पढाओ अभियान के दस वर्ष पूरे होने के अवसर पर कहा है कि इस अभियान में समाज के सभी वर्गों की भागीदारी रही है। उन्होंने कहा कि इस अभियान से स्त्री–पुरूष के बीच का अंतर कम हुआ है और बालिकाओं की शिक्षा व कॅरिअर के लिए उचित वातावरण तैयार हुआ है। प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि इस अभियान से उन जिलों में भी लडके–लडकियों के अनुपात में सुधार हुआ है जहां पारम्परिक रूप से इसमें काफी अंतर होता था। नरेंद्र मोदी ने लोगों से बेटियों के अधिकारों को संरक्षण देने और उनकी शिक्षा सुनिश्चित करने की अपील की ताकि बेटियां बिना किसी भेदभाव के प्रगति कर सकें।

**बेटी बचाओ प्रदेश**

इधर प्रदेश में भी बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना के 10 वर्ष पूरे होने के अवसर पर अनेक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। स्वास्थ्य और सामाजिक न्याय व अधिकारिता मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल ने शिमला में बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ योजना के 10 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य पर 8 मार्च तक चलने वाले कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा शुरू की गई बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ योजना बेटियों को सशक्त करने का एक महत्वपूर्ण कदम है। शांडिल ने कहा कि प्रदेश सरकार बेटियों की शिक्षा, सुरक्षा और उन्हें समान अवसर प्रदान कर महिला सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध है और इस दिशा में अनेक कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं। इसी तरह प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर भी बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत कई जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।

वहीं हमीरपुर में आयोजित कार्यक्रम में एडीएम व कार्यवाहक उपायुक्त राहुल चौहान ने अधिकारियों–कर्मचारियों, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, स्कूली विद्यार्थियों और अन्य लोगों को बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ अभियान को लेकर बेटियों की सुरक्षा की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि जिले में बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना के काफी अच्छे परिणाम सामने आए हैं और लगभग एक दशक के दौरान शिशु

लिंगानुपात 8 सौ 76 से बढ़कर 9 सौ 50 तक पहुंच गया है। इस दौरान एक जागरुकता रैली भी निकाली गई, जिसमें आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और स्कूली छात्राओं ने पोस्टरों, बैनरों और नारों के माध्यम से बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ का संदेश दिया।

## भेंट

उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने आज नई दिल्ली में केंद्रीय गृह व सहकारिता मंत्री अमित शाह से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान उन्होंने केंद्रीय मंत्री से हिमाचल प्रदेश को सहकारी क्षेत्र की विभिन्न योजनाओं के लिए धन आबंटित करने का आग्रह किया। अग्निहोत्री ने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा ऊना ज़िला के पंजावर में सहकारी प्रबंधन संस्थान के लिए पहले ही पर्याप्त भूमि उपलब्ध करवा दी गई है और इसकी स्थापना के लिए 5 करोड़ रूपये की धनराशि भी जारी की गई है। उप–मुख्यमंत्री ने केंद्रीय मंत्री से इस अत्याधुनिक सहकारी प्रशिक्षण संस्थान की स्थापना के लिए 10 करोड़ रूपये की अनुदान सहायता प्रदान करने का आग्रह किया। मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि हिमाचल ने कंप्यूटरीकरण परियोजना में विशेष प्रगति की है। इसके तहत पहले चरण में 8 सौ 70 प्राथमिक कृषि ऋण समितियों जबकि दूसरे चरण में 9 सौ 19 समितियों की पहचान की गई है और डिजिटलीकरण का कार्य प्रगति पर है। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने आश्वासन दिया कि हिमाचल प्रदेश को सहकारी योजनाओं और परियोजनाओं को समयबद्ध पूरा करने के लिए केंद्र सरकार द्वारा जल्द ही धनराशि उपलब्ध करवाई जाएगी।

## गणतंत्र दिवस

प्रदेश में गणतंत्र दिवस का राज्य स्तरीय समारोह शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान पर आयोजित होगा। समारोह में राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल और मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। इसके अलावा जिला स्तर पर आयोजित होने वाले गणतंत्र दिवस समारोह में मंत्रिमंडल के सदस्य भाग लेंगे। शिमला के पुलिस अधीक्षक संजीव गांधी ने बताया कि गणतंत्र दिवस का गौरवशाली दिन धूम धाम से मनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस समारोह की परेड में इस बार 25 टुकड़ियाँ भाग लेंगी, जिसमें राज्य पुलिस से सशस्त्र पुलिस, ट्रैफिक पुलिस, जिला पुलिस, होम गार्ड, एनसीसी जैसे विभिन्न दल शामिल होंगे। गणतंत्र दिवस पर करीब 25 विभागों की झांकियां समारोह का मुख्य आकर्षण होंगी।

..............................................................................................................................................................